Title : Need to provide special financial package to the Government of Uttar Pradesh for the drought-hit districts of Eastern Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): देश में मानसून के देरी से आने के कारण उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जिलों में सूखे की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र, चन्दौली, वाराणसी, गाजीपुर सहित दर्जनों जिलों में वÂर्षा नहीं होने के कारण तथा भारी विद्युत कटौती के चलते किसानों, मजदूरों, आम जनता के साथ-साथ पशुओं के जीवन के लिए भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। जिले के कुएं, तालाब व हैंडपंप सूख गए हैं। पानी के अभाव में किसान धान के बीज तक नहीं डाल पाए हैं। जनपद चन्दौली के नक्सल प्रभावित क्षेत्र नौगढ़ में पानी के अभाव में दर्जनों पशुओं की मौतें हो चुकी हैं। नौगढ़ क्षेत्र के सभी बांध सूख गए हैं तथा उपर्युक्त जनपदों में स्थित कैनाल नलकूप आदि दूसरे सिंचाई के साधन बिजली की भारी कटौती के चलते नहीं चल पा रहे हैं। सूखे की गंभीर स्थिति से निपटने हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई विशेष इंतजाम नहीं किया जा रहा है। प्रतिदिन स्थिति विकराल होती जा रही है।

खासकर पूर्वांचल में सूखे की गंभीर स्थिति से निजात दिलाने हेतु विशेष आर्थिक पैकेज की भारत सरकार से मांग करता हूं तथा सरकार से अनुरोध करता हूं कि तत्काल केन्द्रीय दल भेजकर राहत कार्य शुरू कराया जाये।